तारीख हुक्म	राजस्व अपील संख्या 62/2020 हुक्म या कार्यवाही, मय इनिशियल्स जज अनवान अर्जुनसिह बनाम सरकार	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म को तामील में जारी हुए
	दिनांक 4-12-2020 पक्षकारो के अधिवक्ता उपस्थित । उक्त अपील जिला कलेक्टर पाली द्वारा पारित राजस्व अपील संख्या 11/2020 अनवान अर्जुनसिह बनाम राज्य सरकार जरिये भूमिधारी तहसीलदार सुमेरपुर मे पारित आदेश दिनांक 22-6-2020 के विरुद्ध न्यायालय संभागीय आयुक्त जोधपुर मे दिनांक 24-6-20 को प्रस्तुत की गई थी । जिस पर रीडर न्यायालय संभागीय आयुक्त की टिप्पणी के पश्चात पीठासीन अधिकारी महोदय (संभागीय आयुक्त) जोधपुर का पद तत्समय रिक्त होने से सुनवाई हेतु इस न्यायालय को भिजवाई जाने पर उक्त अपील इस न्यायालय हाजा मे दिनांक 25/6/2020 को दर्ज रजिस्टर कर अपीलांट अधिवक्ता को अपील के साथ प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र पर सुना जाकर जिला कलेक्टर पाली के अपीलाधीन निर्णय दिनांक 22-6-20 की पालना एवं प्रभाव को आगामी सुनवाई तिथी तक स्थगित रखे जाने के आदेश दिनांक 25-6-20 को पारित किया गया तथा अप्रार्थीगण के सम्मन जारी किये जाकर अधीनस्थ न्यायालय जिला कलेक्टर पाली एवं तहसीलदार सुमेरपुर का रेकर्ड तलब किया जाने पर अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड प्राप्त हो चुका है तथा पत्रावली अब बहस मे विचाराधीन है । चूँकि उक्त अपील जिला कलेक्टर पाली द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत हुई है तथा संभाग के सभी जिला कलेक्टरो द्वारा पारित आदेशो के विरूद्ध अपील के सुनवाई का क्षेत्राधिकार पूर्व जारी कार्यालय आदेशो एवं अंतिम कार्यालय आदेश कमांक कोर्ट/डीसी/2018/117 दिनांक 11 मई 2018 के द्वारा संभागीय आयुक्त न्यायालय को ही होने से उक्त अपील की सुनवाई न्यायालय संभागीय आयुक्त जोधपुर मे कराने हेतु वर्तमान अपील पत्रावली न्यायालय संभागीय आयुक्त जोधपुर को स्थानांतरित की जाती है । उक्त अपील इस न्यायालय के दायरा रजिस्टर से जरिये स्थानांतरण कम की जायें । अपीलांट अधिवक्ता इस अपील की अग्रिम सुनवाई हेतु न्यायालय संभागीय आयुक्त जोधपुर मे दिनांक 21-12-2020 को उपस्थित होवे । अति० सम्भागीय आयुक्त जोधपुर	Naval Singh G-A